# <u>प्रेस नोट जनपद खीरी</u>

**<u>दिनाँक 21.09.2025</u>**

**<u>पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी।</u>**

**<u>मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0, श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान, अधिकार एवं स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए प्रारम्भ किए गए “मिशन शक्ति अभियान 5.0” के दृष्टिगत जनपद खीरी की महिला पुलिकर्मियों की विशाल बाइक रैली निकाली गई</u>**








लखीमपुर खीरी, 21 सितम्बर । मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान, अधिकार, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए प्रारम्भ किए गए मिशन शक्ति अभियान 5.0 के दृष्टिगत आज जनपद खीरी की महिला पुलिसकर्मियों द्वारा जनपद में महिला सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिषेक कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में प्रशिक्षु आईएएस सुश्री मनीषा धर्वे द्वारा महिला पुलिसकर्मियों के बीच बाइक चलाते हुये प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी अमित राय व सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बाइक रैली द्वारा खीरी शहर के प्रमुख मार्गों व भीड़ वाले क्षेत्र एवं मुख्य चौराहों से होते हुये भ्रमण किया गया। रैली में भाग ले रही सभी महिला पुलिस कर्मियों द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य समाज में महिलाओं को उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के साथ साथ स्वावलंबी व सशक्त बनाने के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान के अन्तर्गत खीरी पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकार के प्रति हर कदम पर उनके साथ है तथा सुरक्षित नारी-समृद्ध समाज, सुरक्षा और न्याय ही खीरी पुलिस का संकल्प है।

# <u>थाना सिंगाही पुलिस द्वारा, 04 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी निघासन के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष सिंगाही के नेतृत्व में आज दिनांक- 21.09.2025 को थाना सिंगाही पुलिस द्वारा, 04 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**<u>गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों का विवरण-</u>**

1.अशोक कुमार पुत्र शंकर लाल नि0 मोहल्ला भेडौरा कस्बा व थाना सिंगाही खीरी
2.श्यामू पुत्र रामेश्वर विश्वकर्मा नि0 वार्ड नं0 01 भेडौरा कस्बा व थाना सिंगाही खीरी
3.चुन्ना लोध पुत्र धुरई नि0 वार्ड नं0 04 भेडौरा कस्बा व थाना सिंगाही जनपद खीरी
4.सन्त कुमार पुत्र श्री केशन जायसवाल नि0 मो0 पुरानी भट्ठी कस्बा व थाना सिंगाही जनपद खीरी

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री आशुतोष कुमार सिंह थाना सिंगाही जनपद खीरी ।
2.का0 गौरव कुमार थाना सिंगाही जनपद खीरी ।
3.का0 योगेश कुमार थाना सिंगाही जनपद खीरी ।

# थाना मझगई पुलिस द्वारा, 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक मझगई के नेतृत्व में आज दिनांक-21.09.2025 को थाना मझगई पुलिस द्वारा, 04 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों का विवरण-**

1.अनिल नोनिया पुत्र ओम प्रकाश नोनिया निवासी ग्राम नौगवां थाना मझगई जनपद खीरी (संबंधित वाद सं0 322/08 धारा 2/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट)

2.रामासरे पुत्र जाली चौहान निवासी ग्राम नौगवां थाना मझगई जनपद खीरी (संबंधित वाद संख्या 121/01 धारा 392/511 भादवि)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री जगदीश प्रसाद थाना मझगई जनपद खीरी ।

2.का0 कमल कुमार थाना मझगई जनपद खीरी ।

# <u>थाना गौरीफंटा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा, एक अभियुक्त को तस्करी हेतु तम्बाकू ले जाते हुये पकड़ा गया</u>




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीफंटा के नेतृत्व में आज दिनांक- 21.09.2025 को थाना गौरीफंट पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा, चेकिंग के दौरान डिगनिया तिराहा से एक कार स्विफ्ट वीएक्सआई रजि0 नं0 UP31 BM 6415 से प्लास्टिक के 15 सफेद बोरो में कुल 750 पाउच सुपर पावर तम्बाकू, 10 डब्बे रजनीगंधा तम्बाकू, 10 पाउच तुलसी तम्बाकू, 20 डिब्बे SNOW PEAK तम्बाकू, 05 बंडल बीड़ी तस्करी हेतु ले जाते हुये पकड़ा गया। बरामद माल का नियमानुसार सीजर बनाकर मय वाहन उपरोक्त आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय पलिया की सुपुर्दगी में दिया गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>**

आदित्य गुप्ता पुत्र विवेक गुप्ता निवासी मो0 बाजार प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**

1- प्लास्टिक के 15 सफेद बोरो में कुल 750 पाउच सुपर पावर तम्बाकू

2- 10 डब्बे रजनीगंधा तम्बाकू

3- 10 पाउच तुलसी तम्बाकू

4- 20 डिब्बे SNOW PEAK तम्बाकू

5- 05 बंडल बीड़ी

**बरामद माल की अनुमानित कीमत- 81,500/- रूपये**

**<u>गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस व एसएसबी टीमः-</u>**

1.प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र बहादुर सिंह थाना गौरीफंटा जनपद खीरी
2.का0 राजीव सिंह थाना गौरीफंटा जनपद खीरी
3.का0 चरनजीत सिंह थाना गौरीफंटा जनपद खीरी
4.म0का0 सोनी थाना गौरीफंटा जनपद खीरी
5.स0उ0नि0 श्री श्यामलाल 39 BN SSB
6.हे0का0 रामचन्द्र 39 BN SSB
7.का0 अनिल कुमार 39 BN SSB
8.का0 अभय प्रताप 39 BN SSB

**<u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 120 लीटर अवैध शराब बरामद कर 11 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>120 लीटर अवैध कच्ची शराब</u>** बरामद कर **<u>11 नफर</u>** अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **<u>11 अभियोग</u>** पंजीकृत किये गये।